फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत - उपखण्ड अधिकारी मुकाम - जहाजपुर (शाहपुरा)

भीवडा मीणा पिता नाना मीणा नि. लुहारी खुर्द

बनाम

राजू मीणा पिता शंकर मीणा नि. लुहारी खुर्द वगैरा

किस्म मुकदमा प्रा० पत्र 111, 128 एल. आर. ए. मुकदमा नं. 439/2024

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स अज	नम्बर व तारीख अहकाम जो हुक्म कि तामील में जारी हुवे
28/05/2024	प्रार्थना पत्र सिंगे से बाद जॉच रिपोर्ट पेश हुआ। प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रार्थी ने जरिये अभिभाषक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मेरे एकल / संयुक्त खाते की **ग्राम लुहारी खुर्द प. ह. लुहारी लुहारी खुर्द तहसील जहाजपुर में स्थित आ. न. 492 कुल किता 01 रकबा 2.2356 हैक्टेयर** स्थित है। अप्रार्थीगण उक्त वर्णित कृषि आराजी के पडीसी है। अप्रार्थीगण से सीमा विवाद होने के कारण पत्थरगढी करवाये जाने की आवश्यकता है, अतः उक्त आराजी की पत्थरगढ़ी के आदेश प्रदान किये जावे। प्रार्थना पत्र की ताईद में प्रार्थी का शपथ पत्र संलग्न है। मैने पत्रावली का अवलोकन कियां सुयोग्य अभिभाषक / प्रार्थी की एक पक्षीय बहस सुनी गई। पत्रावली के साथ संलग्न नकल जमाबन्दी सम्वत 2075 से 2078 तक के अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रार्थी पत्थरगढी हेतु आवेदन की गई भूमि का खातेदार है। प्रार्थी द्वारा अप्रार्थीगण के साथ सीमा विवाद होना बताया है, अतः न्यायालय पत्थरगढी किया जाना उचित समझता है। अतः प्रार्थना पत्र 111/128 रा.ले. रे. एक्ट स्वीकार किया जाता है तथा भूमि **ग्राम लुहारी खुर्द प. ह. लुहारी लुहारी खुर्द तहसील जहाजपुर में स्थित आ. न. 492 कुल किता 01 रकबा 2.2356 हैक्टेयर** की उमय पक्षों की उपस्थिति में पत्थरगढी करने हेतु भू अभिलेख निरीक्षक लुहारीकलॉं को कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर फीस 1000 रू. तय किये जाते है। जो प्रार्थी मौके पर अदा करेगा, उनमें से 200 रू. राजकोष में जमा करावे। पत्थरगढ़ी के दौरान किसी भी पक्ष के कब्जे को प्रभावित नहीं किया जावें। पालना हेतु तहसीलदार जहाजपुर को लिखा जावे। पालना रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करें। आदेश आज दिनांकः- 28 / 05 / 2024 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। **उपखण्ड अधिकारी** **जहाजपुर (शाहपुरा)**	

Scanned with OKEN Scanner

राजस्थान-सरकार

कार्यालय उपखण्ड अधिकारी जहाजपुर जिला शाहपुरा

क्रमांक/ रीडर / 2024 / 439/2024 दिनांक :- 28 / 05 /2024

निमित

तहसीलदार जहाजपुर

विषय प्र. स..............................439/24 अनवान भीवडा मीणा पिता नाना मीणा नि. लुहारी खुर्द बनाम राजू पिता शंकर मीणा नि. लुहारी खुर्द, सुल्तान पिता लक्ष्मण मीणा नि.लुहारी खुर्द, लाखा सिंह पिता देराम मीणा नि.लुहारी खुर्द, मूलचंद पिता देराम मीणा नि. लुहारी खुर्द, सोकरण पिता हजारी मीणा नि. लुहारी खुर्द, गोपाल पिता हजारी मीणा नि. लुहारी खुर्द, रामसिंह पिता रामनाथ मीणा नि. लुहारी खुर्द वगैराह की पत्थरगढी की पालना करने बाबत ।

उपरोक्त विषयांकित उनवान के प्रकरण में **ग्राम लुहारी खुर्द प. ह. लुहारी खुर्द तहसील जहाजपुर में स्थित आ. न. 492 कुल किता 01 रकबा 2.2356 हैक्टेयर** भूमि की उभय पक्षों की उपस्थिति में पत्थरगढी करने हेतु भु अभिलेख निरीक्षक लुहरिकलाँ को कमीश्नर नियुक्ति किया जाता है। कमीश्नर फीस 1000 रू. तय किये जाते हैं। जो प्रार्थी मौके पर अदा करेगा, उनमें से 200 रूपये राजकोष में जमा करावे। पत्थरगढ़ी के दौरान किसी भी पक्ष के कब्जे को प्रभावित नहीं किया जावें। पालना रिपोर्ट 15 योम में पेश करे।

उपखण्ड अधिकारी

जहाजपुर (शाहपुरा)

Scanned with OKEN Scanner